संख्या–178 /77–2–14–26(1)पीएस/85

प्रेषक,

देवी प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
मुद्रण एवं लेखन सामग्री,
उ0प्र0 इलाहाबाद।

औद्योगिक विकास अनुभाग–2 लखनऊः दिनांक 10 जून, 2014

विषयः– मुद्रण एंव लेखन सामग्री विभाग में सृजित अस्थायी राजपत्रित/अराजपत्रित पदों की निरन्तरता बनाये रखने की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–स्था0–निदे0–I–259 विविध वर्ग/11 दिनांक 25.8.11 एवं पत्र संख्या–स्था0–निदे–I–71 विविध वर्ग/12 दिनांक 16.1.2012, का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्न तालिका में अंकित अस्थायी राजपत्रित/अराजपत्रित पदों जिन्हें शासनादेश संख्या–2248/18–8–94–26(1)पीएस/90,दिनांक 28.10.87 एवं शासनादेश संख्या–2643/18–8–94–26 (1)पीएस/90 दिनांक 20.8.95 द्वारा सृजित किये गये थे, तथा शासनादेश संख्या–15/77–2–09–26 (1)पीएस/85 दिनांक 24 फरवरी, 2009 द्वारा अंतिमबार दिनांक 28.2.2008 तक निरन्तरता प्रदान की गयी थी। अतएव एतद्द्वारा श्री राज्यपाल महोदय संलग्न तालिका में अंकित 151 अस्थायी राजपत्रित /अराजपत्रित पदो में से भरे हुए 24 पदो की दिनांक 01 मार्च, 2008 से दिनांक 28.फरवरी, 2014 तक कार्यकाल बढाये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करते है।

3– भरे हुए पदों को स्थायी किये जाने के संबंध में यथावश्यक औचित्यपूर्ण प्रस्ताव शासन में शीघ्र उपलब्ध कराया जाये, ताकि प्रकरण में नियमानुसार परीक्षण कर निर्णय लिया जा सके।

4– भरे हुए अस्थायी पदों के पदधारकों को शासन द्वारा समय समय पर मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते जो नियमानुसार अनुमन्य है, देय होंगे।

5– उक्त पदों पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2013–14 के आय व्यय के संगत लेखाशीर्षक के नामे डाला जायेगा।

6– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या–ई–6–198/दस–2014 दिनांक 7.3.2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

देवी प्रसाद
संयुक्त सचिव।

संख्या (1)/77–2–2014 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2– कोषाधिकारी, इलाहाबाद/लखनऊ।
3– उपनिदेशक/प्रभारी, राजकीय मुद्रणालय, इलाहाबाद/लखनऊ।
4– वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी,मुद्रण एंव लेखन सामग्री, उ0प्र0 ।
5– लेखाधिकारी, राजकीय मुद्रणालय, इलाहाबाद/लखनऊ।
6– वित्त (व्यय नियंत्रण )अनुभाग–6/वित्त (आय व्ययक) अनुभाग–1 ।
7– गार्ड बुक।

आज्ञा से,

( इन्द्रसेन )
अनु सचिव।

2014

शासनादेश संख्या— /77—2—14—26(1)पीएस/85, दिनांक जून, 2014 का संलग्नक।

| क्र0 सं0 | पदनाम | पद की सं0 | वेतनमान | पद सृजन से संबंधित शासनादेश संख्या तथा तिथि | शासनादेश संख्या तथा तिथि जिसके अन्तर्गत निरन्तरता अंतिम बार प्रदान की गयी। | लेखाशीर्षक जिसके अन्तर्गत व्यय वहन किया जायेगा। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | इलैक्ट्रानिक टंकक | 06 | 5200—20200 ग्रेड पे—1900 | 2643/18—8—94—26(1) पीएस/90 दिनांक 28.8.94 | शासनादेश संख्या— 15/77—2—09—26 (1)पीएस/85 दिनांक 24 जनवरी,2009 | पूर्व वर्षों की भाँति शासनादेश में उल्लिखित लेखाशीर्षक 2058— लेखन सामग्री तथा मुद्रण— आयोनागत—103—सरकारी मुद्रणालय— 03 अधिष्ठान। |
| 2 | कैमरा मैन | 04 | 5200—20200 ग्रेड पे—2800 | तदैव | तदैव | तदैव |
| 3 | डार्करूम सहायक | 03 | 5200—20200 ग्रेड पे—2400 | तदैव | तदैव | तदैव |
| 4 | सहायक प्लेट मेकर | 05 | 5200—20200 ग्रेड पे—1900 | तदैव | तदैव | तदैव |
| 5 | आफसेट प्लेट मेकर | 03 | 5200—20200 ग्रेड पे—2400 | तदैव | तदैव | तदैव |
| 6 | ड्राफ्टमैन | 03 | 5200—20200 ग्रेड पे—2400 | तदैव | तदैव | तदैव |
| | योग | 24 | | | | |

( देवी प्रसाद )
संयुक्त सचिव।